राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान
सांविधिक संस्थान निफ्ट अधिनियम 2006, द्वारा शासित और
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित
NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY
A Statutory Institute under the NIFT Act, 2006 and
set up by the Ministry of Textiles, Government of India

अति-महत्वपूर्ण

सं. 1200(31)/हिंदी/पखवाड़ा/2012/(3)

दिनांक 07 सितम्बर, 2015

परिपत्र

विषय :- हिंदी पखवाड़े के दौरान दिए जाने वाले पुरस्कार राशि वृद्धि एवं निफ्ट मुख्यालय मे दिनांक 15 से 30 सितम्बर, 2015 तक आयोजित किए जाने के संबंध में।

प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी निफ्ट मुख्यालय तथा इसके सहयोगी कैम्पसों में हिंदी पखवाड़ा एवं हिंदी दिवस तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हर्षोउल्हास के साथ किया जा रहा है। इस वर्ष हिंदी पखवाड़े के दौरान निफ्ट मुख्यालय में निम्नलिखित पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं :-

1. हिंदी तकनीकी निबंध प्रतियोगिता
2. हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता
3. राजभाषा सामान्य ज्ञान संबंधी प्रतियोगिता
4. हिंदी टंकण प्रतियोगिता
5. हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता (केवल एमटीएस के लिए)

इस वर्ष आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि में बढ़ोत्तरी को महानिदेशक महोदया ने निम्नानुसार मंजूरी दी है और तदनुसार निफ्ट मुख्यालय एवं सभी सहयोगी कैम्पसों में पुरस्कार राशि में एकरूपता बनाए रखने को भी मंजूरी महानिदेशक महोदया ने दी है:-

प्रथम पुरस्कार	- रुपए 5100/- (पांच हजार एक सौ मात्र)
द्वितीय पुरस्कार	- रुपए 3100/- (तीन हजार एक सौ मात्र)
तृतीय पुरस्कार	- रुपए 2100/- (दो हजार एक सौ मात्र)
सांत्वना पुरस्कार (दो)	- रुपए 1100/- (एक हजार एक सौ मात्र)

......जारी/2

NIFT Campus, Hauz Khas, New Delhi - 110016
t +91 11 26542129, 26542070 | f +91 11 26851198 | e info@nift.ac.in
www.nift.ac.in

120

उक्त के अतिरिक्त हिंदी पखवाड़े के पेपर बनाने तथा जांचने हेतु रुपए 2000/-प्रति पेपर की दर से भी मंजूरी प्रदान की गई है। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा मंजूर 20,000 (बीस हजार शब्दों) की तर्ज पर निफ्ट मुख्यालय तथा इसके सहयोगी कैम्पसों में न्यूनतम 40,000 (चालीस हजार शब्द) प्रतिवर्ष लिखने वालों को कुल 10 पुरस्कार जिसमे से प्रथम (दो पुरस्कार) रुपए 5100/- प्रत्येक द्वितीय के (तीन पुरस्कार) रु 3100/-प्रत्येक एवं तृतीय के (पांच पुरस्कार) रु 2100/-प्रत्येक प्रदान किए जा सकते हैं।

सभी कैम्पसों के निदेशक से अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़े के दौरान महानिदेशक महोदया के दिए गए मंजूरी के अनुरूप अपने कैम्पसों में हिंदी पखवाड़े/हिंदी दिवस समारोह का आयोजन करें और तत्संबंधी विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय को शीघ्र प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

रवीन्द्र

(रवीन्द्र कुमार सिंह)
हिंदी अधिकारी

सेवा में,

1. महानिदेशक महोदया के निजी सचिव को सूचनार्थ सादर।
2. निफ्ट के सभी कैम्पसों के निदेशक।

09 SEP 2015
NIFT Campus, Hauz Khas, New Delhi - 110016